माता महादेवी है नाम

माता महादेवी है नाम,विराजी दशरमन में
सेवा में पंडा हज़ार,माई की मढ़ुलिया में
माता महादेवी है नाम ....

आप विराजी सील में जाकर,नगरी बसा दई नीचे आकर
सेवा में सब नर नार,हए,माई की मढ़ुलिया में
माता महादेवी है नाम.....

नीचे विराजे राम लला जी, संग में उनके सीता मां भी
सेवा में हनुमत लाल, हए, माई की मढ़ुलिया में
माता महादेवी है नाम.....

नवराते में बोये जवारे,द्वार तुम्हारे काली नाचे
करते सब जय जयकार,हए,माई की मढ़ुलिया में
माता महादेवी है नाम .....

भक्तों तुम भी अरज लगा लो, अपने बिगड़े काज सवारो
बनते हर बिगड़े काज,हए,माई की मढ़ुलिया में
माता महादेवी है नाम....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18397/title/mata-mahadevi-hai-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |